INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
Lesson 1-' Vh Chidiya Jo	Topic: Questions, answers and word meanings.	Note: Pl. write in your note book

पाठ - **1** - वह चिड़िया जो |

अति लघु उत्तरीय प्रश्न **-**

प्रश्न 1 - यह कविता चिड़िया के माध्यम से क्या सीख देत देती है **?**

उत्तर - यह कविता चिड़िया के माध्यम से प्रेम और उमंग से जीने की सीख देती है**|**

प्रश्न 2 - चिड़िया किसकी खातिर गाती है **?**

उत्तर - चिड़िया बूढ़े वन-बाबा के खातिर गाती है **|**

प्रश्न 3 - चिड़िया के पंख कैसे हैं **?**

उत्तर - चिड़िया के पंख नीले हैं **|**

प्रश्न 4 - चिड़िया कौन से मोती ले जाती है **?**

उत्तर - चिड़िया जल के मोती ले जाती है **|**

प्रश्न 5 - चिड़िया कैसे गाती है **?**

उत्तर - चिड़िया कंठ खोलकर गाती है **|**

प्रश्न 6 - चिड़िया को क्या पसंद है ?

उत्तर - चिड़िया को अनाज के दाने पसंद हैं ।

प्रश्न 7 - जुंडी का क्या अर्थ है ?

उत्तर - जुंडी का अर्थ है ज्वार- बाजरे की बालियाँ

प्रश्न 8 - ने स्वयं को संतोषी क्यों कहा है ?

उत्तर- चिड़िया ने स्वयं को संतोषी इसलिए कहा है क्योंकि चिड़िया को जो भी मिल जाता है वह उतने में ही संतोष कर लेती है।

प्रश्न 9 - चिड़िया किसका दिल टटोलती है ?

उत्तर - चिड़िया नदी का दिल टटोलती है।

प्रश्न 10 - चिड़िया द्वारा खाए जाने वाले दाने किस चीज से भरे होते हैं ?

उत्तर - चिड़िया द्वारा खाए जाने वाले दाने दूध से भरे होते हैं ।

प्रश्न 11 - चिड़िया पुराने जंगल को किस नाम से बुलाती है ?

उत्तर- चिड़िया पुराने जंगल को बूढ़े वन- बाबा के नाम से बुलाती है ।

प्रश्न 12 - चिड़िया ज़ुड़ी के कैसे दाने खाना पसंद करती है ?

उत्तर- चिड़िया ज़ुंडी के अधपके दाने खाना पसंद करती है ।

प्रश्न 13- नीले पंखों वाली इस चिड़िया का स्वभाव कैसा है?

उत्तर- नीले पंखों वाली यह छोटी चिड़िया अत्यंत ही संतोषी स्वभाव की है।

लघु उत्तरीय प्रश्न -

प्रश्न 1 - चिड़िया को किससे प्यार है और क्यों ?

उत्तर - कविता चिड़िया को अन्न से प्यार है | वह दूधिया एवं अधपके ज़ुंडी के दाने बड़े चाव से खाती है | उसे विजन से प्यार है , वह एकांत वन में मधुर स्वर में गाती है |उसे नदी से भी प्यार है |वह नदी की बीच धारा से जल की बूँदें चोंच में लेकर उड़ जाती है |

प्रश्न 2 - कविता में कैसी चिड़िया का वर्णन है?

उत्तर - कविता में नीले पंखों वाली छोटी सी चिड़िया का वर्णन है| वह संतोषी है,थोड़ा अन्न उसके लिए काफ़ी है | वह मुहँबोली है | उसे एकांत पसंद है और अपने साहस पर उसे गर्व है |

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न -

प्रश्न 1 - कविता के अनुसार चिड़िया का कैसा चित्र आपके मन में उभरता है?

उत्तर- 'वह चिड़िया जो' कविता को पढ़कर हमारे मन में यह चित्र मन में उभरता है-

- **i** चिड़िया के पंख चमकीले,नीले और सुंदर हैं |
- **ii** चिड़िया का आकार छोटा है |
- **iii** वह जंगल में गीत गाती है |
- **iv** वह खेतों में अन्न खाती है |
- **v** वह नदी का पानी पीती है |

प्रश्न 2 - चिड़िया ने स्वयं को गर्वीली क्यों कहा है ?

उत्तर- चिड़िया ने स्वयं को गर्वीली इसलिए कहा है क्योंकि वह जंगल में अकेली रहकर अपना जीवन व्यतीत करती है,उसे एकांत पसंद है | वह स्वयं ही अपना भोजन जुटाने निकल पड़ती है | जब उसे प्यास लगती है तब वह तीव्र वेग वाली नदी से जल पीती है | वह अपनी सारी आवश्यकताएँ स्वयं ही पूरी कर लेती है |

शब्दार्थ -Word meanings

1- जुंडी	-	ज्वार - बाजरे की बालियाँ - Maize - millet
2- रस	-	स्वाद taste
3- संतोषी	-	धीरजवाली - patience
4- अन्न	-	अनाज- grain
5- कंठ	-	गला -throat
6- वन	-	जंगल -forest,
7- रस उँडेलकर	-	बहुत ही मीठे स्वर में, in a very sweet voice
8- विजन	-	एकांत , सुनसान - lonely - a quiet place
9- चढ़ी नदी	-	उफ़नती हुई नदी - जल से भरी हुई नदी, flooded river
10- टटोलकर	-	खोजकर in the search of
11- गरबीली	-	गर्वीली , proudly

****